शुभ्रा गुहा
अकादेमी पुरस्कारः
हिन्दुस्तानी गायन संगीत

SUBHRA GUHA
Akademi Award:
Hindustani Vocal

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में 10 जनवरी 1956 को जन्मी, श्रीमती शुभ्रा गुहा ने श्री सुनील बोस से हिन्दुस्तानी संगीत का प्रशिक्षण प्राप्त किया और बाद में डी. टी. जोशी, के. जी. गिंडे और विजय कुमार किचलू जैसे गुरुओं के सानिध्य में आपने अपनी कला को निखारा। आपका सम्बंध आगरा घराने से है। पूरब अंग गायकी की ठुमरी, दादरा, कजरी, होरी, चैती, झूला, सावन और टप्पा के आप विशेषज्ञ माने जाते हैं। आपने कथक नृत्य और तबला वादन भी सीखा है।

आप आईसीसीआर में पैनलबद्ध हैं और आपने देश–विदेश में आयोजित कई प्रतिष्ठित संगीत समारोहों में अपनी प्रस्तुतियाँ दी हैं। श्रीमती शुभ्रा गुहा ने कुछ फिल्मों में भी अपनी आवाज दी है। आप आईटीसी संगीत अनुसंधान एकेडमी जैसे कई कई प्रतिष्ठित सांस्कृतिक संस्थानों से गुरु के रूप में जुड़ी रही हैं। आपके गायन संगीत की कई रिकॉर्डिंग उपलब्ध है। आपने देश–विदेश में संगीत पर कई संगोष्ठियों और कार्यशालाओं का आयोजन किया है और बहुत से छात्रों को संगीत का प्रशिक्षण भी दिया है।

हिन्दुस्तानी गायन संगीत के क्षेत्र में योगदान के लिए आपको कई प्रतिष्ठित उपाधियों और पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है, जिनमें वर्ष 2015 में पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा प्रदान किया गया गिरिजा शंकर पुरस्कार भी शामिल है।

श्रीमती शुभ्रा गुहा को हिन्दुस्तानी गायन संगीत में योगदान के लिए वर्ष 2021 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 10 January 1956 at Kolkata in West Bengal, Shrimati Subhra Guha received her training in Hindustani music from Shri Sunil Bose and later groomed her passion of music under the tutelage of D.T. Joshi, K.G. Ginde and Vijay Kumar Kichlu. She belongs to the Agra gharana. Her specializations include the Purab Ang Gayaki of thumri, dadra, kajri, hori, chaiti, jhula, sawan and tappa. She has also learnt Kathak and tabla.

An empanelled artist of I.C.C.R., she has performed in many prestigious music festivals in India and abroad. Shrimati Subhra Guha has also lent her voice to some films. She has been associated with many prestigious cultural institutions such as Guru at ITC Sangeet Research Academy. She has many recordings to her credit. She has conducted many seminars and workshops on music in India and abroad, and has trained many students.

For her contribution in the field of Hindustani vocal music, she has been honoured with many prestigious titles and awards. These include the Girija Shankar Award conferred by the Government of West Bengal in 2015.

Shrimati Subhra Guha receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2021 for her contribution to Hindustani vocal music.